तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 हैंड ग्लव्स के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल हुआ स्वाहा



## खबर संक्षेप

### 12 मई को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर निगम क्षेत्रांतर्गत पशुवध कार्य व मांस बिक्री की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त वधशालाओं व पशुवधकर्ताओं को आदेश देते हुए कहा गया है कि वे 12 मई को किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य न करें, मांस का विक्रय न करें तथा दुकानों को बंद रखें। यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय करते पाया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 11 मई को आयोजित होने वाले इस स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठजनों के रोगों से संबंधित जांच और परामर्श दिया जाएगा। आरोग्यधाम पाली क्लीनिक और भारत विकास परिषद की इकाई द्वारा 11 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक आरोग्यधाम पाली क्लीनिक नया बस स्टैंड में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, शुगर, आंख और श्रवण शक्ति की जांच कराई जाएगी। फिजियोथैरेपी के जरिए रोग मुक्त होने का उपाय भी बताया जाएगा। शिविर में डॉक्टर बीबी बोडे, डॉ एमएस पाल, डॉ अनिल अरोड़ा, डॉ अंकिता कपूर, डॉ राहुल सिंह, डॉ शिखा लाम्बा व श्री यादव द्वारा जांच और परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी।

### आठ दिवसीय योग ध्यान शिविर का चौथा दिन

**कोरबा।** बुधवार को सीनियर क्लब सीएसईबी कोरबा पूर्व में सैंकड़ों की संख्या में योगाभ्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ डीके आनंद ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक पद्धति है इस पद्धति को हजारों साल पूर्व हमारे ऋषि मुनियों ने मानव समाज के उत्थान एवं मानव समाज को आगे बढ़ाने के लिए महर्षि पतंजलि के द्वारा अष्टांग योग दिया गया। योग का अर्थ है जोड़ना अर्थात व्यक्ति अपने मन को शरीर व आत्मा से जोड़ने का कार्य करता है। डॉ. आनंद ने योग ध्यान शिविर में योग के विभिन्न आयामों को सिखाए जिसे करने से पीनियां ग्लैंड से मेलाटोनी हार्मोन का स्त्रव होता है जिससे गहरी नींद आती है याददाश शक्ति बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि भोजन के 4 घण्टे बाद, दूध पीने के 2 घण्टे बाद या बिल्कुल खाली पेट ही आसन करें। शौच स्नानादि से निवृत्त होकर आसन किये जायें तो अच्छा है। श्वास मुंह से न लेकर नाक से ही लेना चाहिये।

### प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिशिप मेला 13 को

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में अप्रेंटिसशिप योजनांतर्गत 13 मई को प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाना है। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग, तिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 13 मई को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

### ग्राम कोरबी और माखनपुर में समाधान शिविर 13 को

**कोरबा।** जिले के विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 13 मई को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम कोरबी कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत कोरबी, सरमा, तनेरा, पुटीपखना, हरदेवा, पाली, बुढ़ापारा, कुल्हड़िया, खम्हारमुड़ा, झिनपुरी और मिसिया हेतु शासकीय हाई स्कूल कोरबी में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### जीर्णोद्धार के लिए कॉलेज प्रबंधन को भेजा था प्रस्ताव

# भवन की थी दरकार, 10 साल से बंद था हॉस्टल, अब डीएमएफ से संवरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा का गर्ल्स हॉस्टल के जीर्णोद्धार हेतु खनिज न्यास मद से राशि स्वीकृत की गई है। बीते 10 वर्षों से बंद पड़े होने के कारण जँहा हॉस्टल की स्थिति जर्जर हो गई थी वहीं इसके इस आदिवासी अंचल की बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कॉलेज प्रबंधन ने जिला प्रशासन को हॉस्टल के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भेजा था। अब जाकर लोक निर्माण विभाग के द्वारा हॉस्टल के जीर्णोद्धार का कार्य शुरु किया जाएगा।

जिले के शासकीय महाविद्यालयों के हॉस्टल को सुधारने का कार्य डीएमएफ की राशि से किया जा रहा है। शासकीय पीजी महाविद्यालय के दो छात्रावास बालक बालिका के जीर्णोद्धार का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अब कटघोरा महाविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल को डीएमएफ की राशि से नया स्वरुप दिया जाएगा। महाविद्यालय में बालक और बालिका हॉस्टल की सुविधा शुरु कर दी गई थी किंतु किन्हीं कारणवश हॉस्टल प्रारंभ नहीं हुआ और रख रखाव के आभाव में जर्जर हो गया। कॉलेज प्रबंधन के द्वारा हॉस्टल को नए सिरे से शुरु करने लगातार प्रयास किया जा रहा था किंतु उच्च शिक्षा विभाग की ओर से बजट स्वीकृत नहीं होने से हॉस्टल का जीर्णोद्धार का कार्य लटका हुआ था। वर्तमान में डीएमएफ से राशि जारी होने के बाद महाविद्यालय के हॉस्टल के जीर्णोद्धार के कार्य की शुरुआत होगी इसके लिए लोक निर्माण विभाग को एजेंसी बनाया गया है जिनके द्वारा जीर्णोद्धार का कार्य शुरु कर दिया गया है।

**खास बात**

- कटघोरा कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा होने के बाद भी वंचित थीं छात्राएं।
- नए शिक्षण सत्र से शुरु कराने कॉलेज प्रबंधन द्वारा की जा रही है कवायद



गर्ल्स हॉस्टल जिसका होगा जीर्णोद्धार।

**60 सीटर हैं छात्रावास**

कटघोरा महाविद्यालय के बालिका छात्रावास 60 सीटर हैं। महाविद्यालय में अध्ययन करने के लिए कटघोरा के अलावा विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा, पाली,जैसे बड़े ब्लॉक के अधिकांश छात्र प्रवेश लेते हैं जिन्हें हॉस्टल की सुविधा नहीं मिलने के कारण आसपास के किराये के आवासों में रहना पड़ता था। छात्र संगठन ने भी महाविद्यालय के छात्रावास शुरु करने संपर्क किया था। प्रबंधन की ओर से हॉस्टल के जीर्णोद्धार हेतु डीएमएफ से राशि स्वीकृत करने पत्र भी प्रेषित किया था जिस पर प्रशासन की ओर से 50 लाख की स्वीकृति मिली है।

**नए सत्र से होगा उपलब्ध**

वर्ष 2010 में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण हुआ था लेकिन किसी कारणवश शुरु नहीं हो सका था। भवन को जर्जर होने के कारण इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता थी। प्रशासन को पत्र लिखा गया था जिसपर 50 लाख की स्वीकृति मिली है। अब कार्य शुरु कर दिया गया है। नए सत्र से हॉस्टल उपलब्ध हो जाएगा।

\- **एमएम जोशी,** प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कटघोरा

# पढ़ाई के साथ खेल के प्रशिक्षण से भी वंचित रहते हैं ग्रामीण अंचल के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचल के छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों का भी प्रशिक्षण नहीं मिल पाता। स्कूल में जहां विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ पीटीआई का आभाव झेलते हैं। इससे न तो ग्रामीण अंचल के छात्र न तो पढ़ाई में आगे आ रहे हैं और न ही खेलों में।

शासन का खेल युवा कल्याण विभाग के माध्यम से ही खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। इससे खेल की बारिकियां सीखने का मौका खिलाड़ियों को मिलता है। शहरी क्षेत्र में तो ऐस कई खेल संघ हैं जिनके द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समय समय पर लगाए जाते हैं। इनके अलावा खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा भी शिविर का आयोजन किया जाता है और वह भी शहर तक ही सीमित रहता है। लिहाजा ब्लॉक मुख्यालय में किसी भी शासकीय विभाग के द्वारा या किसी खेल संघ के द्वारा भी प्रशिक्षण शिविर नहीं लगाए जाते जबकि खेल की प्रतिभाएं ग्रामीण अंचलों से भी सामने आ रही है। पाली और मोरगा क्षेत्र की करबी फुटबाल की टीम प्रदेश से बाहर भी अपना प्रदर्शन कर चुके हैं। स्थानीय खेल शिक्षकों के द्वारा ही उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही अन्य कोई किसी भी खेल प्रशिक्षण को लेकर ग्रामीण अंचल के छात्रों को मोहताज होना पड़ता है। खेल युवा कल्याण विभाग अपने खेल कैलेंडर के अनुसार खेलों इंडिया और ओपन खेल आयोजित जरुर करता है किंतु प्रशिक्षण शिविर के मामले में ब्लॉक मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाता।



कबड्डी खेलते ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी।

**भेजी गई हैं खेल सामग्रियां**

सभी स्कूलों में डीएमएफ से कई ऐसी खेल सामग्रियां भेजी गई है जिनका आज तक उपयोग स्कूलों के खेल शिक्षकों ने भी नहीं किया ऐसे खेल सामग्रियों की जानकारी स्कूल प्रबंधन को तो हैं लेकिन छात्रों को न तो इसका प्रशिक्षण दिया गया है और न ही छात्र इन खेल सामग्रियों का उपयोग कर सके। कई ऐसे खेल सामग्रियां थी जिनकी सप्लाई जिस समय की गई उस समय ही टूटी हुई थी जिन्हें आज तक वापस नहीं किया गया। खेल शिक्षक भी गर्मी के दिनों में खेल प्रशिक्षण शिविर लगाने में भी रुचि नहीं दिखाते।

# स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटमोरगा मड़ई निवासी आनंदराम बिंझवार पिता स्व. परसराम बिंझवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। 7 मई को उसका पुत्र संतराम बिंझवार अपने साथी शिवप्रताप यादव के साथ अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीआर 5227 से अपनी बहन के घर ग्राम बंजारी गया था, मोटर सायकल को संतराम बिंझवार चला रहा था, जो बंजारी से घर वापस जाते समय रात्रि 9 बजे लगभग विनोद यादव के होटल के पहले मेनरोड मड़ई में पहुंचे ही थे कि उसी समय चोटिया तरफ से आती स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 वी 9188 का चालक के द्वारा अपनी स्कार्पियो को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर मोटर साययकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे दोनो सड़क पर गिर गये एक्सीडेंट से संतराम बिंझवार के सिर, हाथ पैर एवं शरीर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गया तथा उसके साथी शिवप्रताप यादव के हाथ, पैर में हल्का चोट आया है। एम्बुलेंस में संतराम के शव तथा उसके साथी शिवप्रताप यादव को लेकर पोंड़ी उपरोड़ा अस्पताल लेकर आये संतराम के शव को चीरघर भेज दिया गया है।

# बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद में तालाबंदी के दौरान हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवगठित नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग को लेकर विपक्षी पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया। नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य पार्षद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और तालाबंदी का प्रयास करने लगे। इस दौरान नगर पालिका के सीएमओ व विपक्षी पार्षदों के बीच तीखी नोंकझोंक भी देखने को मिली। आखिरकार 15 दिनों के भीतर सभी स्वीकृत कार्यों को शुरू करने के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

**खास बातें**

- सीएमओ व विपक्षी पार्षदों के बीच हुई तीखी नोंक झोंक
- 15 दिनों के भीतर सभी स्वीकृत कार्यों को शुरु करने मिला आश्वासन



नपा कार्यालय के बाहर तालाबंदी करने पहुंचे विपक्षी पार्षद।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराने से पहले पार्षदों को सूचना देने की मांग की जाती रही है। कुछ दिनों पूर्व सभी विपक्षी पार्षदों ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका परिष बांकीमोंगरा के सीएमओ से मांग की गई थी कि कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए ताकि बरसात से पहले निर्माण का लाभ लोगों को मिल सके। कार्रवाई न होने की स्थिति में नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी की भी चेतावनी दी गई थी। मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाने से आक्रोशित विपक्षी पार्षदों ने तय समय अनुसार शुक्रवार की सुबह नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा कार्यालय में पहुंचकर मुख्य द्वार पर तालाबंदी का प्रयास किया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा विपक्षी पार्षदों को तालाबंदी करने से रोकने का प्रयास किया गया। जिसके बाद विपक्षी पार्षदों व पुलिस के बीच झूमाझटकी भी देखने को मिली। इस बीच सीएमओ मौके पर मौजूद रही और उनके साथ नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य पार्षदों की जमकर नोंकझोंक होती रही। सीएमओ ने ⏭ शेष पेज 3 पर

# जनपद पंचायत करतला ने मड़वारानी मंदिर में ट्रस्ट बनाने पारित किया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा मार्ग में अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत करतला द्वारा मड़वारानी मंदिर में ट्रस्ट की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है। निर्णय आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पारित हुआ।

उक्त बैठक में पारित प्रस्ताव क्रमांक-11 के अनुसार, मड़वारानी मंदिर स्थित ग्राम मड़वारानी में मंदिर के संचालन, विकास एवं व्यवस्थापन हेतु एक ट्रस्ट गठित किए जाने की आवश्यकता महसूस की गई। मंदिर के विकास हेतु पूर्व में तीन प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं, जिनमें से किसी पर भी अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। मौजूदा समय में मंदिर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं, परंतु मंदिर की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। इसीलिए ट्रस्ट की स्थापना को आवश्यक मानते हुए, जनपद की सामान्य सभा ने इस बार प्रस्ताव को विशेष प्राथमिकता देते हुए अनुमोदित किया है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला द्वारा प्रस्ताव कलेक्टर को भेजी गई है। साथ ही अनुमंडल अधिकारी (रा.) को भी इसे संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।






## खबर संक्षेप

### आज सराफा एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक जगदलपुर में 10 मई को आयोजित की गई है। एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक बस्तर संभाग के जगलदलपुर सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में शगुन फार्म हाउस रिपोर्ट में सुबह 11.30 बजे आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश के सभी एसोसिएशन के कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों के अतिरिक्त एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है। बैठक में आगे की रुपरेखा व संविधान संबंधी तथा कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन ने प्रदेश के सभी आमंत्रित सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### विश्व गौरेया दिवस मनाएगा दाउदी बोहरा समाज आज

**बिलासपुर।** दाउदी बोहरा समाज 10 मई को विश्व गौरेया दिवस मनाएगा। जमात के सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम मोहम्मदी हाल बोहरा मस्जिद खपरगंज में शाम 4 बजे से होगा। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष छग के डिप्टी सीएम अरुण साव करेंगे। इसके विशिष्ट अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह ठाकुर, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, मेयर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, छग आवास संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, पार्षद शहजादी कुरैशी होंगी।

### नशे में चला रहा था बाइक, 20 हजार जुर्माना

**बिलासपुर।** नशे में बाइक चला रहे युवक को यातायात पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने युवक को 20 हजार रुपये जुर्माना पटाने का आदेश दिया है। एएसपी रामगोपाल करियारे ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से अलग-अलग जगहों पर पाइंट लगाकर जांच की जा रही है। इसी कड़ी में एएसआइ धनेश साहू तोरवा छठघाट पुल के पास जवानों के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। जवानों ने सीपत क्षेत्र के खैरा-डंगनिया निवासी विनीत कुमार वस्त्रकार को रोककर दस्तावेज मांगे। उसने दस्तावेज होने से इंकार किया। इस दौरान पुलिस को शंका हुई कि युवक शराब के नशे में है। उसकी बाइक में नंबर भी नहीं है। उसे यातायात थाने लाकर मामले को न्यायालय में पेश किया गया।

### लाखों खर्च कर बनाया गया चौराहे का झरना बंद



**बिलासपुर।** शहर का सौंदर्यीकरण करने शासन द्वारा राजेन्द्र नगर चौक पर लाखों रुपए खर्च कर पानी का झरना बनाया गया था, जिसमें आकर्षक लाइट सहित चारों तरफ लोहे के एंगल लगे हुए थे। साथ ही इसके चारों तरफ रंग-रोगन किया गया था। रात होते ही रोशनी से पूरा चौराहा जगमगा उठता था। रंग-बिरंगी लाइटें लोगों को आकर्षित करती थीं, लेकिन देखभाल के अभाव में लाखों रुपए की लागत से बनाया गया झरना कबाड़ में तब्दील हो चुका है। सुरक्षा के लिए लगाए लोहे के एंगल भी गायब हो चुके हैं।

### पौनी पसारी बना शराबखोरी का अड्डा



**बिलासपुर।** शहर के व्यापार विहार क्षेत्र में पौनी पसारी का निर्माण कराया गया है। जहां सब्जी विक्रेताओं को चबूतरे का वितरण कर दिया गया है, जिसके आसपास के रहवासियों को सब्जी आदि के लिए दूर जाने की जरूरत न पड़े। देखभाल के अभाव और दुकानों का संचालन न होने के कारण यह शराबखोरी का अड्डा बन चुका है।

खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# अवैध भंडारण कर रखी गई 475 ट्रैक्टर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोदरी तहसील के पिरैया व नगाड़ाडीह में अलग-अलग सत्रह स्थानों में विक्रय के लिए अवैध तरीके से रखी गई 475 ट्रैक्टर रेत जब्त कर ली गई। शिकायत के आधार पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा गुरूवार को संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की गई।

राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बोदरी तहसील के दो गांवों में छापामार कार्रवाई कर अवैध रेत जब्त की है। इस दौरान पिरैया गांव में सत्रह स्थानों पर रेत डंप कर रखी गई थी। तहसीलदार बोदरी संदीप साय ने बताया कि रेत को ऐसी जगह डंप करके रखा गया जो सड़क से दिखाई ही नहीं पड़ती है। शिकायत तो जरूर हुई थी, लेकिन भंडारण का स्थान नहीं बताने के कारण टीम को भंडारण स्थल खोजना पड़ा, लेकिन अंततः सफलता मिल गई। पिरैया गांव से 435 ट्रैक्टर रेत जब्त की गई, लेकिन हैरत की बात यह है कि छापामार टीम को इस बात का पता नहीं चल सका कि उक्त अवैध भंडारण किसका है। टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध प्रकरण बनाकर जब्त रेत सरपंच के सुपुर्द किया गया है। दूसरे मामले में ग्राम नगाड़ाडीह में रामलाल रात्रे नामक व्यक्ति द्वारा 40 ट्रैक्टर रेत भंडारण किया गया था, जिसे जब्त कर उपसरपंच के सुपुर्द किया गया है।



बोदरी तहसील के पिरैया व नगाड़ाडीह में अलग-अलग जगह पर डम्प की गई रेत।



मौके पर निरीक्षण करने पहुंची राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम।

**जिले में लाईसेंसी भंडारण सिर्फ जोंधरा में:** खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी ने बताया कि जिले में रेत के भंडारण के लिए सिर्फ एक ही लाईसेंस जारी किया गया है। उक्त लाईसेंसी भंडारण जोंधरा में है। इसके अलावा जितने भी स्थानों पर रेत डंप है, वह अवैध है, जहां से रेत चोरी-छिपे बेची जा रही है। समय-समय पर विभाग द्वारा शिकायतों के आधार पर छापामार कार्यवाही की जाती है, वहीं शहर में ही छोटे-छोटे ऐसे अनेक अवैध रेत भंडारण स्थल हैं, जहां से रेत बेची जाती है, लेकिन शिकायत नहीं मिल पाने व छोटे स्तर पर रेत डंप होने की स्थिति में वे कार्रवाई से बच जाते हैं।

### बारिश के चार महीनों में मुंहमांगी कीमतों में सप्लाई

फरवरी माह के बाद नदियों में पानी कम होते ही रेत का अवैध भंडारण करने वाले मई तक विभिन्न स्थानों में रेत का भंडरण करते हैं। इधर जुलाई महीने से नदियों में पानी आ जाने के बाद निर्माणाधीन कार्यों के लिए रेत उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे रेत की शार्टेज हो जाने के कारण भवन मालिकों को अवैध भंडारण से मुंहमांगी कीमतें वसूल कर रेत उपलब्ध कराई जाती है। हालत यहां तक है कि सामान्य दिनों में 18 सौ रूपए प्रति ट्रैक्टर की दर पर आसानी से मिल जाने वाली रेत बारिश के दिनों में 35 सौ से 4 हजार रूपए तक में बेची जाती है।

### मौत बनकर दौड़ रही रेत से भरी भारी वाहन

शहर में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर है। घाटों से बड़ी संख्या में ओवरलोड रेत से भरे वाहन निकल रहे हैं। वाहन के ड्राइवर नशे के हालात में गाड़ी चलाते हुए कई बार दुर्घटना कर चुके हैं। वहीं रात में इन वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। इसके बाद भी इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। रेत माफिया बेखौफ होकर रेत की हेराफेरी कर रहे हैं। रेत के अवैध उत्खनन ने शहरवासियों का जीना दूभर कर दिया है। सुबह से लेकर शाम तक भारी वाहनों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ज्यादातर ड्राइवर ओवरलोड रेत से भरे वाहन चलाते हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं रात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक रात में गाड़ी चलाने से कतराने लगे हैं। मालूम हो कि ज्यादातर ड्राइवर ओवरलोड गाड़ियां चलाते हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इनमें से कुछ ड्राइवर ऐसे है जिनके पास लाइसेंस भी नहीं है। इसके बाद भी वे बेखौफ होकर गाड़ी चला रहे हैं। इधर, दूसरी तरफ पुलिस और खनिज विभाग मौन धारण किए हुए हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी इन रेत माफियों पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं।

# सड़क व फुटपाथ पर अब ठेला लगाया तो होगी जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सड़क, फुटपाथ और नाला के ऊपर ठेला लगाकर यातायात बाधित करने वाले ठेले अब जब्त होंगे। जिसे वापस नहीं किया जाएगा और अलग से जुर्माना भी लगाया जाएगा। यह चेतावनी ठेला मालिकों के साथ बैठक में निगम प्रशासन शुक्रवार को दिया। विकास भवन में निगम कमिश्नर अमित कुमार की अध्यक्षता में पहली बार शहर के ठेला मालिक जो अपना ठेला किराए पर देते हैं,उनके साथ बैठक आयोजित की गई।

- 18 मई तक दी गई मोहलत, 19 से सख्त कार्रवाई होगी शुरू

निगम कमिश्नर ने सभी ठेला मालिकों से यातायात के निर्बाध संचालन और अतिक्रमण मुक्त मार्ग बनाने में सहयोग करने की बात कही। इस पर ठेला व्यावसायियों ने 10 दिन का समय मांगा। ठेला व्यावसायियों की मांग पर 18 मई तक समय प्रदान करते हुए निर्देश दिया की 18 मई के बाद कोई भी ठेला सड़क, फुटपाथ नाला के ऊपर या ऐसे किसी भी स्थान पर लगेगा जहां अवरोध उत्पन्न होगा तो ठेला जब्त कर लिया जाएगा।

### शहर में डेढ़ दर्जन से अधिक ठेला व्यावसायी

ज्ञात हो कि शहर में डेढ़ दर्जन से अधिक ऐसे ठेला व्यावसायी हैं जो बड़ी संख्या में ठेला किराए पर देते हैं। इन ठेला मालिकों द्वारा ठेला किराए पर देने के बाद उसका उपयोग कहां और कैसे किया जा रहा है, इसकी कोई जानकारी भी नहीं लेते और ना ही जिम्मेदारी ली जाती है। नतीजतन ठेला किराया पर ले जाने वाले सड़क और फूटपाथ पर अतिक्रमण करते हुए अवैध रूप से ठेला लगा देते हैं। जिससे अवरोध उत्पन्न होता है। निगम द्वारा लगातार इस पर कार्रवाई भी की जाती है। इस बार निगम प्रशासन ने किराए पर देने वाले सीधे ठेला मालिकों को बुलाकर इस संबंध में चर्चा की और जिम्मेदार तय करते हुए कहा की किराए पर देने से पहले उसकी विस्तृत जानकारी लें और सड़क, फूटपाथ या नाले के ऊपर लगने ना दें। 19 मई से ऐसे ठेलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज की बैठक में उपायुक्त सती कुमार यादव बाजार शाखा के अनिल सिंह, ठेला व्यावसायी दीपक सिंह, गोपाल जाना, कमलदास, नन्दकुमार कश्यप, नन्द ठेला, रामनारायण देवांगन, अमन रिक्शा एवं हाथ ठेला, दुर्गा गैरेज, सतीश तालापारा, सुग्रीव राम यादव, जयचंद गुप्ता,आदित्य चन्द्रवंशी, रामकुमार हर्षवानी, जगमल चौक, शिवकुमार यादव, किशोर सिंह वानी, गगनदीप रिक्शा, अहमद अली, कुंदनलाल अहिरवार, क्लीफ्टन थॉम, राजेन्द्र प्रसाद बर्मन उपस्थित थे।




बैठक में अफसरों से चर्चा करते कलेक्टर संजय अग्रवाल।

# शिकायत पर दो आवास मित्र बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कार्य में लापरवाही बरतने एवं आवास पंजीयन, जियो टेग व सर्वे कार्य के एवज में हितग्राहियों से राशि की मांग करने के कारण दो आवास मित्रों को बर्खास्त कर दिया गया। आवास मित्रों के संबंध में सुशासन तिहार अंतर्गत धुमा में आयोजित शिविर में शिकायत की गई थी।

- धुमा के शिविर में की गई थी आर्थिक अनियमितता की शिकायत



प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोटा ब्लाक के ग्राम पंचायत तेंदुआ में पदस्थ आवास मित्र आशीष कुमार के संबंध में ग्राम धुमा में आयोजित शिविर में हितग्राहियों द्वारा कार्य में लापरवाही के संबंध में शिकायत की गई थी। इस दौरान एक हितग्राही ने शिकायत की थी कि आवास मित्र द्वारा पूर्व प्रप्रोज्ड साइट का जियो टैग नहीं करने के कारण उनके आवास की स्वीकृति नहीं मिल सकी।

इसी तरह ग्राम पंचायत लिटिया की आवास मित्र खुशबू गंधर्व के संबंध में हितग्राहियों द्वारा शिकायत की गई कि आवास पंजीयन, जियो टैग, सर्वे एवं योजना से संबंधित कार्यों के एवज में इनके द्वारा राशि की मांग की जाती है। दोनों ही शिकायतों की जांच कराई गई थी, जिसमें दोषी पाए जाने की स्थिति में आवास मित्र आशीष कुमार व खुशबू गंधर्व को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी जनपद सीईओ को भी आवास योजना में किसी भी तरह की लापरवाही रोकने सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए। आज की स्थिति में जिले में 55 हजार 859 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, वहीं भविष्य के लिए 2 लाख 2 हजार 879 परिवारों का सर्वे भी किया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री पहले ही दे चुके हैं चेतावनी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहले ही सभी कलेक्टरों को दो टूक चेतावनी दे रखी है। प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की प्राथमिताओं वाली योजना है, जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आवास के एवज में किसी भी तरह का लेनदेन करते पाए जाने की स्थिति में सीधे जिला कलेक्टर पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।

### की गई है कार्रवाई

दो आवास मित्रों की शिकायत और जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया है। पूरे जिले के अमले को चेतावनी भी दी गई है कि आवास योजना में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**-संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

### चाकू लहराते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मधुबन रोड दयालबंद में आने जाने वालों को चाकू दिखाकर धमकाने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गुरूवार की शाम रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पीछे मधुबन रोड पर आरोपी राजा उर्फ अप्पू गोंड़ पिता श्यामू गोड उम्र 28 साल द्वारा धारदार चाकू लेकर आसपास के लोगों को धमका रहा था, मुखबिर की सूचना में पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आरोपी को धरदबोचा गया। उसके कब्जे से स्टील का धारदार नुकीला लंबा चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय, एसआई सीता साहू, आरक्षक नुरुल कादीर, गोकुल जांगडे का विशेष योगदान रहा है।

# जिंदा लोगों को मृत बताकर बीमा के निकलवाए 24 लाख, एजेंटों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) की सीएबी शाखा मगरपारा में एक सनसनीखेज फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। बीमा एजेंट की सांठगांठ से पांच बीमा धारकों के नाम पर झूठे मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर पहले लाखों रुपये की मृत्यु दावा राशि प्राप्त की गई और फिर उन्हीं नामों पर नई बीमा पालिसी जारी कराकर दोबारा धोखाधड़ी की गई। इस घोटाले में निगम के तीन एजेंटों का नाम सामने आया है। इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई है। इस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मगरपारा स्थित एलआइसी के शाखा प्रबंधक अलबन टोप्पो ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े की शुरुआत तब हुई जब मस्तूरी क्षेत्र के ओखर में रहने वाली संतोषी साहू के नाम पर बीमा पालिसी ली गई थी। इसके तीन साल बाद संतोषी के पिता ने उसका मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कर बीमा क्लेम किया। क्लेम के आधार पर उसके पिता नंद कुमार साहू ने छह लाख रुपये का मृत्यु दावा प्राप्त किया। बाद में जांच में पता चला कि संतोषी के नाम से फिर एक और पालिसी ली गई, जिससे संदेह की पुष्टि हुई। इसी तरह ममता पांडेय, बबला पांडेय, ईश्वर पांडेय और शिवकुमार पांडेय के नाम पर झूठे मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर पांच से आठ लाख तक के दावे किए गए और फिर उन्हीं नामों पर नई पालिसी ली गईं। एलआईसी की आंतरिक जांच में यह बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बताया जा रहा है कि सिविल लाइन पुलिस ने एफआईआर के कुछ ही घंटे के बाद मामले में आरोपी व यदुनंदन नगर निवासी राजेश कुमार शर्मा पिता कुंदन लाल शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



- मैनेजर ने सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### फर्जीवाड़ा को अंजाम देने में एजेंटों की मिलीभगत

एलआइसी के शाखा प्रबंधक ने बताया कि उनके एजेंट विजय पांडे, नरेश अग्रवाल, राजेश कुमार शर्मा और राशि सखूजा के माध्यम से बीमा पालिसियां लेकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है। एलआईसी की जांच में एजेंट की भूमिका संदिग्ध पाई गई। शाखा प्रबंधक ने एजेंट के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग की है। इधर पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं में जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

**कार्रवाई की जा रही**

एलआईसी के मैनेजर ने एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में एक आरोपी भी गिरफ्तार किया गया है, जिसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

**- सुम्मत राम साहू,** टीआई, सिविल लाइन

### 4 माह पहले भी सामने आया था मामला

सूत्रों के अनुसार एजेंट विजय पांडे और नरेश अग्रवाल के खिलाफ सिविल लाइन थाने में बीते नवंबर-दिसंबर में भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस दौरान प्रार्थियों ने करीब 34 लाख रूपए बीमा एजेंटों द्वारा निकलाने का मामला सामने आया है। आरोपीगण लंबे समय से फर्जीबाड़ा को अंजाम देने में लगे हुए हैं, लेकिन पुलिस अबतक मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

# नशेड़ियों ने बाइक सवार अधेड़ को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** सड़क पर बाइक से फर्राटा भर रहे नशेड़ियों ने अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान डिवाइडर पर सिर लगने के कारण अधेड़ बुरी तरह से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने अधेड़ को सिम्स में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

मामले के अनुसार रमतला निवासी 52 वर्षीय जेठू राम चौहान बाइक से किसी काम के सिलसिले में घर से बिलासपुर आ रहे थे, शुक्रवार की सुबह रतनपुर की ओर से आ रहे तीन बाइक सवार ने सड़क पर बाइक सवार अधेड़ को ठोकर मार दी। इस दौरान आरोपी बाइक सवार तीनों लड़के नशे की हालत में थे। बाइक से जोरदार टक्कर मारने के कारण अधड़े जेठू का सिर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उनके नाक, सिर में गंभीर चोट आई है। आसपास के लोगों ने 112 को कॉल कर उन्हें सिम्स भेजवा दिया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है इस मामले में तीनों बाइक सवार को भी सिम्स में भर्ती किया गया है। बाइक सवार आकाश धीवर पिता लक्ष्मी धीवर उम्र 22 वर्ष, माया कश्यप पिता दिलहरण करश्य 22 वर्ष, रोहन सोनी पिता दिलहरण सोनी 19 वर्ष को सिम्स में भर्ती किया गया है।

### दो मादा व्हाइट टाइगर को इंदौर के नर टाइगर का इंतजार

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू के तीन व्हाइट टाइगर में से एक व्हाइट टाइगर की मौत हो चुकी है, जिसके बाद अब दो टाइग्रेस बची हैं। इन टाइग्रेस की ब्रिडिंग और संख्या बढ़ाने के लिए कानन पेण्डारी जू में इंदौर से एक व्हाइट टाइगर को लाया जाना है। इसके लिए एनटीसीए ने भी अपनी अनुमति प्रदान कर दी है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण टाइगर का आना आगामी दिनों के लिए टाल दिया गया है।

### फीस के लिए क्लास में जलील करना, वाट्सएप ग्रुप से बाहर करना, स्कूल वालों को पड़ेगा महंगा

**बिलासपुर।** प्रदेश की निजी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न कारणों से समय-समय पर प्रताड़ित किए जाने की खबरों को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गंभीरता से लिया है।

उन्होंने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और डीईओ को पत्र लिखकर बाल अधिकार आयोग अधिनियम 2005 की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए इनका पालन कराने की सिफारिश की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस सिलसिले में जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को पत्र जारी कर इनका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें साफ किया गया है कि किसी भी स्टूडेंट को फीस के लिए क्लास में जलील नहीं किया जाएगा और ना ही वाटसएप ग्रुप से बाहर किया जाएगा। डीईओ अनिल तिवारी ने बताया कि आयोग के संज्ञान में दूरभाष पर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा तथ्य लगाया गया है कि निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को किसी कारण से स्कूलों द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर करने सहित अन्य प्रकार के प्रकरण सामने आए हैं जिसको आयोग ने संज्ञान में लिया है। डीईओ ने जिले के सभी निजी स्कूलों को आदेशित किया है कि वे बच्चों के अभिभावकों द्वारा फीस नहीं पटाने या उनके माता-पिता से विवाद न करें।

- आयोग ने स्कूलों में बच्चों की प्रताड़ना रोकने दिए दिशा-निर्देश

बिलासा एयरपोर्ट में बढ़ी सुरक्षा

# अब हर लगेज की दो बार हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और युद्ध जैसी स्थिति निर्मित होने के बाद बिलासा एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। हर यात्रियों को 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने को कहा गया है, वहीं लगेज की जांच अब दो बार की जा रही है। साथ ही एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में भी मॉनिटरिंग की जा रही है।

पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बाद देश भर में सुरक्षा कड़ी की जा रही है, ऐसे में बिलासा एयरपोर्ट में भी सुरक्षा व्यवस्था चॉक चौबंद की गई है। दिल्ली, प्रयागराज, जबलपुर और कोलकाता से आने वाले फ्लाइट के यात्रियों के लगेज की जांच पुख्ता तरीके से की जा रही है, वहीं शहर से बाहर जाने वाले यात्रियों को 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना पड़ रहा है, जिससे उनके बैग और लगेज की जांच संभव हो सके।

**दिल्ली की फ्लाइट पर पड़ सकता है असर**







एयरपोर्ट डायरेक्टर एनबी सिंह ने बताया कि देश भर में एयरपोर्ट के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल पुलिस और अन्य एजेंसियों को दी जानी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई फ्लाइट प्रभावित नहीं हुई है।

### रात में फ्लाइट बंद

देश भर में जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार युद्ध के हालत को देखते हुए रात में फ्लाइट परिचालन बंद कर दिया गया है, हालांकि इसका असर बिलासा एयरपोर्ट पर नहीं पड़ा है, दरअसल बिलासा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था नहीं है लेकिन रायपुर समेत देश भर के अन्य एयरपोर्ट में रात्रीकालीन हवाई यात्रा बंद कर दी गई है।

### दिल्ली की फ्लाइट हो सकती है प्रभावित

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से दिल्ली समेत प्रयागराज, जबलपुर, जगदलपुर, कोलकाता के लिए फ्लाइट चलाई जाती है, दिल्ली के लिए अलग-अलग रूट से हफ्ते में 6 दिन फ्लाइट उपलब्ध है। लेकिन युद्ध के हालत को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे है कि दिल्ली की फ्लाइट प्रभावित हो सकती है, फिलहाल इसके लिए आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

9 korba-pg3_Layout 1 5/10/2025 12:14 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत मानिकपुर में पानी की हो रही समस्या

**चैतमा।** बोर खनन के एक साल बाद भी ना हैंड पंप लगा ना ही मोटर लगाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर के आश्रित मोहल्ला सराईभाठा में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण होने के पश्चात संबंधित विभाग द्वारा वहां पर बोर खनन कराया गया। जिसे लगभग एक साल बीत चुका है उसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा ना ही हैंडपंप लगवाया गया है और न ही पंचायत द्वारा पंप मोटर डाला गया है। जिसकी वजह से उक्त बोर उसी स्थिति में पड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि मानिकपुर के ही आश्रित मोहल्ला सजाबाहरी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। उक्त टंकी में पानी भरने के लिए पहले से ही खनित बोर्ड का उपयोग कर उसमें जोड़ दिया गया है जो कुछ दिन चलने के पश्चात बंद पड़ा हुआ है। इस संबंध में जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि उक्त पानी टंकी अभी तक हैंड ओवर नहीं किया गया है जिसके चलते बिजली बिल अधिक होने के कारण बिजली विभाग द्वारा वहां का कनेक्शन काट दिया गया है, जिसके चलते वहां का पानी सप्लाई आज तक बंद है।

### हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने कोरबा पॉवर में शिविर 13 से

**कोरबा।** परिवहन कार्यालय में भारत सरकार सड़क परिवहन राजमार्ग के निर्देशानुसार छग राज्य के 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त प्रकार के वाहनो में एचएसआरपी को अनिवार्य किया गया है और समस्त वाहनधारियों को एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। उपरोक्त जिला परिवहन द्वारा कोरबा पावर लिमिटेड में 3 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है जो 13 से 15 मई तक सिक्योरिटी ऑफिस में आयोजित किया जाएगा। जिन कर्मचारियों के वाहन 2019 के पूर्व रजिस्टर है कृपया उपरोक्त शिविर में अपने वाहन की आरसी बुक एवं आधार कार्ड के साथ रजिस्टर करवा कर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवा सकते हैं। नंबर प्लेट नहीं होने की स्थिति में नियत तिथि के पश्चात जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जुर्माना किया जा सकता है।

### जनपद क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आबंटन में भेदभाव का लगा आरोप



**कोरबा।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष गिरिजा सिंह कोराम ने कलेक्टर को पत्र लिखकर पोड़ी-उपरोड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र में सदस्यों के अधिकारों का हनन रोकने मांग की है। श्री कोराम ने आरोप लगाया है कि सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर 5 सदस्यों को विकास कार्यों के लिए राशि के आबंटन में कटौती करने का प्रस्ताव पारित किया है। राशि का आबंटन नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का कहना है कि 30 अप्रैल को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गयी थी। इसमें 15वें वित्त की राशि में जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7, 4, 22, 13 और 16 के सदस्यों का वित्त आबंटन संबंधी अधिकारों का हनन किया गया है। इन सदस्यों के हिस्से की राशि का आबंटन नहीं किया जा रहा है। केंद्र सरकार से वित्त प्राप्ति के बाद ग्रामों को 75 प्रतिशत जनपद को 15 प्रतिशत और जिला पंचायत के बीच 10 प्रतिशत के अनुपात में वितरित की जाती है। इसके तहत सभी जनपद क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए राशि का आबंटन किया जाता है। परंतु 5 जनपद सदस्यों को इससे वंचित किया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम और जनपद सीईओ को भी ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संभागीय उपाध्यक्ष सुरेश पोर्ते, रामेश्वर सिंह उरे, सहेतर सिंह राज, शिवराम सिंह मरकाम, विद्वान मरकाम, वेद प्रकाश कोराम, दिनेश कोराम, सुरेंद्र पावले सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### शशिकांत कोलवाडकर

**कोरबा।** गणेश सेवा समाज के सदस्य एवं रेल्वे कर्मचारी श्रीमती प्रीति कोलवाडकर के पति शशिकांत कोलवाडकर का शुक्रवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे आनंद कोलवाडकर और गजानन कोलवाडकर के भतीजे एवं निशिकांत कोलवाडकर के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में शनिवार को किया जाएगा।



## टीपी नगर जोनांतर्गत आयोजित किया गया सुशासन तिहार शिविर

# सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायतों का तत्काल हो रहा निराकरण : लखन



समाधान शिविर का निरीक्षण करते उद्योग मंत्री एवं सभापति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के विभिन्न स्थानों में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन जैसे राशन कार्ड, पट्टा, सड़क, नाली, सड़क रोशनी, पेयजल, साफ-सफाई, विभिन्न पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि नामांतरण, सीमांकन आदि से संबंधित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, निदान होने वाले आवेदनों को तत्काल निराकरण किया जा रहा है तथा शेष बचे आवेदनों को संबंधित विभाग से संमन्वय बनाकर उनका सतुष्टिपूर्ण निराकरण जा रहा है।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने शुक्रवार को नगर निगम टीपी नगर जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर के दौरान कही। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया, स्थापित विभिन्न काउंटरों का अवलोकन करते हुए आमजन द्वारा समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी प्रस्तुत आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान उद्योग मंत्री ने शिविर में पहुंचे हुए आमनागरिकों से भेंट मुलाकात की। उनकी शिकायतों, समस्याओं व मांगों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण किए गए आवेदनों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार के समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के समाधान शिविरां का आयोजन कर निराकरण किए गए आवेदनों का प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा ने वाचन कर निराकरण कार्यवाही की जानकारी आवेदनकर्ताओं को प्रदान की गई। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को राशन कार्डो, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वोटर आईडी का वितरण भी किया। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने सुशासन तिहार समाधान शिविर के दौरान मंच में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सुशासन तिहार की जो कार्ययोजना बनाई गई है, सुशासन तिहार में विभिन्न प्रकार की मांगों एवं शिकायतों से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए है, इसमें मुख्यतः पानी, बिजली, सड़क, नाली, सड़क रोशनी, पेयजल, साफ-सफाई से संबंधित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की मांगे हैं, जिसे निराकरण किया जाना नितांत आवश्यक है।

### दीपका में सुशासन त्यौहार के अंतर्गत समाधान शिविर का हुआ आयोजन




दीपका नगर पालिका द्वारा दीपका सुशासन त्यौहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे, जिसमें कुल 350 शिकायतें मिलीं। इनमें से 226 शिकायतें सिर्फ नगर पालिका परिषद दीपिका से संबंधित थीं। जिनमें निर्माण कार्य, राशन कार्ड, पेयजल, विद्युत और साफ-सफाई से संबंधित शिकायतें अधिक थीं। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि शिविर में सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में 41 ऑनलाइन आवेदन भी आए थे, जिसे मिलाकर कुल 391 आवेदन प्राप्त हुए थे। नगर पालिका ने सभी शिकायतों का समाधान कर दिया है और बचे हुए शिकायत आवेदनों को संबंधित विभाग को प्रेषित कर दिया है, जिनका जल्द ही निराकरण कर दिया जाएगा। विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जैसी पहल से लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलती है और क्षेत्र का विकास होता है। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान मिल सके। शिविर में पहुंचे लोगों ने नगर पालिका की पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिली है। लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि वे अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। नगर पालिका द्वारा आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और उनका समाधान करवाया। समाधान शिविर के आयोजन से लोगों में काफी उत्साह देखा गया और उन्होंने नगर पालिका की पहल की सराहना की। नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित करने से लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी और क्षेत्र का विकास होगा।

# समाधान शिविर में पांच पंचायतों को किया गया टीबी मुक्त घोषित




शिविर में प्रमाण पत्र देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

शासकीय माध्यमिक शाला भवन चैतमा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान क्षेत्र के पांच आसपास के ग्रामों को टीबी मुक्त ग्राम घोषित करते हुए उनके पंचायत प्रतिनिधियों को इसके प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। शासन द्वारा निर्धारित तीन चरणों की प्रक्रिया का अंतिम चरण था, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती माया रूपेश कंवर, जनपद सदस्य श्रीमती इंदिरा पटेल, चैतमा के सरपंच राजलाल सिन्द्राम, सहित आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती सीमा पात्रे, सहायक नोडल अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सोनवानी, तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ये ग्राम टीबी मुक्त घोषित

शिविर में ग्राम पंचायत बारीउमराव, मानिकपुर, डोडकी, सपलवा एवं बडेबांका को टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र, एवं श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को चार श्रम कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सोनवानी ने समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों को सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

### जल्के से कोडगार सड़क का आया प्रस्ताव

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पिपरिया क्लस्टर के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें नौ ग्राम पंचायतें पिपरिया, सिरी, पोड़ीकला, कुम्हारीदर्री, कोड़गार, अमझर, दुल्लापुर, जल्के एवं पंनगवा शामिल रहीं। शिविर में कुल 4343 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2329 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपनी योजनाओं की जानकारी दी और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कोड़गार से जल्के तक सड़क निर्माण हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने की बात कही।

# वूशु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छग वूशु संघ एवं खेल युवा कल्याण विभाग एवं छग शासन द्वारा 3 से 7 मई तक राज्य स्तरीय वूशु मार्शल आर्ट डोंगरगढ़ में अयोजित किया गया। जिला वृशु संघ के सचिव सियाराम बंजारे ने बताया कि सभी जिलों से 400-450 लगभग खिलाडियों ने भाग लिया था। जिसमें विद्या मोगरे, रुद्र पटेल एवं सृष्टि कुर्रे ने गोल्ड मेडल जीता। इसी तरह गीत मोगरे, श्रीकांत ने ब्राउज मेडल पर कब्जा किया। जूनियर कैटिगरी में साक्षी महिलांग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला, भिलाई, राजनांदगांव, जशपुर जिला को मात देते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। सीनियर कैटिगरी में आयुष निराला एवं महेंद्र पासी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 26 से 31 मई तक तमिलनाडु में जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप होने वाला है। जिसके लिए विजेता खिलाड़ी छग टीम का प्रतिनिधि करेंगे। जूनियर कैटिगरी में जूनियर नेशनल वृशु चैंपियन 1 से 6 जुलाई हैदराबाद तेलंगाना में किया जाएगा। जिले से साक्षी महिलाएंगे भी हिस्सा लेंगी। सीनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप 14 से 19 जून तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें आयुष निराला, महेंद्र पासी टीम का प्रतिनिधि करेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बांकीमोंगरा नगर...

15 दिवस के भीतर स्वीकृत हुए कार्यों को प्रारंभ करने का भरोसा दिया है, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ और फिर एक बार मांग पत्र सौंपा गया। अब देखना यह है कि 15 दिन के भीतर कार्य शुरू होते हैं या फिर बांकीमोंगरा प्रशासन को किसी और बड़े प्रदर्शन का सामना करना पड़ेगा। विपक्षी पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका परिषद के द्वारा कार्यों में मनमानी की जा रही है। शायद उनकी मंशा यह भी है कि विपक्ष के पार्षदों को किसी भी तरह की कोई जानकारी विकास कार्यों के संबंध में ना दी जाए, इसलिए ठेकेदारों के द्वारा प्रारंभ किये जा रहे कार्यों के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी जाती है उन्होंने कहा है कि 15 दिन के भीतर यदि मांगों पर समाधान नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। तालाबंदी के दौरान नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के अलावा पार्षद तेजप्रताप सिंह, राकेश अग्रवाल, नवीन कुकरेजा, राजकुमार मिश्रा, नवल किशोर पंडित, संदीप डहरिया, पवन गुप्ता, बंशी कुमार, तालिका लालू साहू, राजकुमार मिश्रा, इंद्रजीत बींझवार, मंदीप शर्मा, शब्बीर ख़ान, एनएसयूआई ज़िला महामंत्री जुनैद मेमन, इस्माइल, प्रमोद करके, आदिल ख़ान, बबलू मारवा, धनंजय राठौर, नानू कर्ष, संदीप यादव, छोटू, गोलू, ननका आदि अनेक कांग्रेसी व आमनागरिक उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार पोंडी उपरोड़ा, जिला कोरबा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0- 202505050400016 /अ-32/2024-25
ग्राम- कसनियां, प0ह0नं0 44

एतद् द्वारा आम जनता / हितबद्ध पक्षकार ग्राम- कसनियां, प0ह0नं0-44, रा0नि0म0 सुतर्रा तहसील-पोंडी उपरोड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनंदकुंवर बेवा स्व. तिहारू, जाति सारथी तहसील पोडीउपरोडा, जिला- कोरबा (छ0ग0) के द्वारा, ग्राम- कसनियां प0ह0नं0-44, तह0 पोडी उपरोड़ा स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 48/12, कुल रकबा 1.4660 हैक्टेयर भूमि को न्यायालय नायब तहसीलदार कोरबा के रा0प्र0कं0 76/अ-19/1975-76 आदेश दिनांक 20.07.1976 द्वारा शासकीय पट्टे के अंतर्गत कृषि प्रयोजनार्थ हेतु आबंटित किया जाना बताते हुए छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 (क्रमांक 20 सन 1959) की धारा 158 की उपधारा 04 के अंतर्गत भूमिस्वामी अधिकार प्रदाय किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोडी उपरोड़ा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / हितबद्ध को कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 22/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पोंडी उपरोड़ा**

# पॉवर एवं एनआरएस सेक्टर के कोयला उपभोक्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





बैठक को संबोधित करते अतिथि एवं उपस्थित कोयला उपभोक्ता।

एसईसीएल का ध्येय है कि हम अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण कोल सप्लाई करें। एसईसीएल का इस वर्ष का डिस्पैच का लक्ष्य 220 मिलियन टन का है और मुझे विश्वास है कि हम अपना लक्ष्य ज़रूर प्राप्त करेंगे और जो आप चाहते हैं वही कोल क्वालिटी आपको मिले यह सुनिश्चित करेंगे।

**खास बात**

- एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में कोल इंडिया के मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र के उपभोक्ता हुए शामिल

उक्त बातें एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन ने कोल इंडिया के मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र के पावर एवं एनआरएस सेक्टर के कोयला उपभोक्ताओं की बैठक के दौरान कही। गुरूवार को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में कोयला उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से इस कंज़्यूमर मीट का आयोजन किया गया। बैठक में कोल इंडिया के निदेशक विपणन मुकेश चौधरी ने कहा कि कोल इंडिया अपने उपभोक्ताओं को निर्धारित ग्रेड का कोयला सप्लाई करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है तथा हमारा हर समय यही प्रयास रहता है कि उपभोक्ता को कम से कम ग्रेड स्लिपेज का सामना करना पड़े। आज आप लोगों के द्वारा जो भी विषय हमारे संज्ञान में लाए गए हैं हम उनका शीघ्र समाधान करेंगे। बैठक में टीएस बहेरा, महाप्रबंधक, विक्रय एवं विपणन एसईसीएल मुख्यालय भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कंज़्यूमर मीट में विभिन्न कोयला उपभोक्ता कंपनियों के लगभग 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कोल सप्लाई एवं गुणवत्ता प्रबंधन से जुड़े कार्यसंचालन के विभिन्न विषयों एवं बेहतर आपसी समन्वय पर चर्चा की गई। उपभोक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर फीडबैक एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए गए जिनको अमल में लाने का आश्वासन दिया गया।




## कोरबा मार्केट









9 korba-pg4_Layout 1 5/10/2025 12:12 AM Page 1



## खबर संक्षेप




### निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए अजय, नितिन व अजीत

**कोरबा।** नगर निगम के राजस्व निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक ग्रेड-3 नितिन शर्मा एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक अजीत कुमार परमहंश को मई माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर व निगम आयुक्त ने इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। पिछले 4 माह पूर्व निगम आयुक्त की विशेष पहल पर निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम के राजस्व निरीक्षक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक ग्रेड-3 नितिन शर्मा एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक अजीत कुमार परमहंश मई माह के लिए निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है। समिति करती है फेस आफ द मंथ का चयन-आयुक्त ने निगम के फेस आफ द मंथ के रूप में कर्मचारियों का चयन किए जाने हेतु समिति का गठन किया है। अपर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता (योजना), उपायुक्त (स्थापना प्रभारी), राजस्व अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व अध्यक्ष महिला उत्पीडन, उन्मूलन समिति सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं, यह समिति निगम में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों का आंकलन करते हुए माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 कर्मचारियों का चयन फेस आफ द मंथ के रूप में कर रही है।

### सृष्टि ने दसवीं में 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर समाज को किया गौरवान्वित



**कोरबा।** शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय सिंगापुर में कक्षा दसवीं में अध्यनरत कु सृष्टि कांत ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल सहित सतनामी समाज को गौरवान्वित की हैं। उनकी बहन कु पायल कांत ने भी कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 93.33 प्रतिशत अंक अर्जित की है। दोनों बहनों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजन एवं माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े एवं समाज के वरिष्ठजन दोनों छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

### मदन जेसीसी तो हमराज वेलफेयर के बने सदस्य





**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के महामंत्री रमेश कुमार गुरूद्वान ने क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति व सुरक्षा समिति, कल्याण समिति के सदस्यों की नियुक्ति की है। जिसमें फोरमेन मदन सिंह को जेसीसी समिति का सदस्य बनाया गया है। वहीं ईपी फीटर हमराज राय को वेलफेयर समिति का सदस्य बनाया गया है। उक्त नियुक्ति के संबंध में संगठन के महामंत्री ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र जारी कर सूचना दी है।

### जिले के खिलाड़ियों ने 9 गोल्ड सहित जीते 20 मेडल

**कोरबा।** कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में अपनी कोच प्रेरणा मुनि के नेतृत्व में कोरबा जिले के 10 खिलाड़ियों ने शौर्य प्रदर्शन किया। अपनी खेल प्रतिभा प्रस्तुत करते हुए जिले की कराटे टीम ने कुल 20 मेडल प्राप्त किए हैं। कोरबा का प्रतिनिधित्व कर लौटे सभी मेडल विजेता खिलाड़ी विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा के विद्यार्थी हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। अंबिकापुर के जेल रोड स्थित फील आनंदम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 12 जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी शामिल हुए और आत्मरक्षा की इस रोमांचक विधा में अपनी-अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेडल जीतकर लौटे विनायक पब्लिक स्कूल के होनहार खिलाड़ी छात्रों में कुनाल कश्यप ने दो गोल्ड जीते। इसी तरह अभिषेक सिंह ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, झील कुर्रे ने एक गोल्ड एक सिल्वर, युवान कुर्रे ने एक गोल्ड एक सिल्वर, कृति पटेल ने एक गोल्ड एक ब्रांज, शाम्या ने एक सिल्वर, एक ब्रांज, अनादिल ने एक गोल्ड एक सिल्वर, अंशिका ने एक सिल्वर एक ब्रांज व आलोक महंत ने 2 ब्रांज मेडल जीतकर अपने विद्यालय, माता-पिता, गुरुजनों एवं कोरबा को गौरवान्वित किया है। मेडल विजेता सभी विद्यार्थी विनायक पब्लिक स्कूल में संचालित एसके कराटे स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडस्ट्रीयल एरिया की घटना

# हैंड ग्लव्स के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल हुआ खाक

### फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग को किया काबू



गोदाम में आग लगने पर आग पर काबू करते दमकल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फैब्रिक व हैंड ग्लव्स बनाने का काम करने वाले फैक्ट्री के समीप लगे गोदाम में शुक्रवार की अलसुबह उसे समय हड़कंप मच गया जब गोदाम में आग की लपटें उठने लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और जैसे ही दमकल की टीम को आगजनी की सूचना मिली और टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग को काबू किया जा सका। इस आगजनी की घटना से फैक्ट्री संचालक को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। आज कैसे और किन परिस्थितियों में लगी है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया यह आगजनी शॉर्ट सर्किट से होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिसिया जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शांता कुमार द्वारा फैब्रिक व हैंड ग्लव्स बनाने की फैक्ट्री का संचालन जिला अस्पताल के ठीक सामने किया जाता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 6:30 से 7 बजे के बीच फैक्ट्री के गोदाम में अचानक आग लग गई और आग ने चंद मिनट के भीतर पूरी तरह से फैक्ट्री के गोदाम को अपनी जद में ले लिया। बताया जाता है कि गोदाम में बड़े पैमाने पर हैंड ग्लव्स बनाने वाली सामान फैब्रिक व कपड़े रखे हुए थे। इसी वजह से देखते ही देखते आग ने भयानक भीषण रूप ले लिया। कर्मियों ने इसकी सूचना दमकल की टीम व पुलिस को दी तब तत्काल दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू करने का प्रयास किया लेकिन तब तक गोदाम में आग पूरी तरह से फैल चुका था और चारों तरफ तेज लपटें उठ रही थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह घंटे मशक्कत के बाद आग को काबू किया लेकिन तब तक गोदाम के भीतर रखे सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। संभावना जताई जा रही है कि फैक्ट्री के गोदाम में शॉर्ट सर्किट की वजह से आगजनी की घटना सामने आई है। शांता कुमार ने हरिभूमि को जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट की वजह से यह आगजनी हो सकती है। आगजनी से लगभग 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि वह अभी बाहर हैं आने के बाद ही पूरी तरह से मामला स्पष्ट होगा कि नुकसान कितने का हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

### पुलिस कर्मियों को भी दी गई ट्रेनिंग



जिले में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन भी चिंतित है कि कैसे इस आगजनी की घटनाओं को कंट्रोल किया जाए और जिले के विभिन्न संस्थाओं में यदि आगजनी की घटना होती है तो पुलिस के अफसर भी आगजनी को कंट्रोल करने में अपनी अहम भूमिका निभा सके इसे लेकर शुक्रवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस के अधिकारी व जवान और फायर ब्रिगेड की टीम एसपी ऑफिस पहुंचे थे जहां उन्हें फायर को लेकर विशेष ट्रेनिंग दी गई। जहां पुलिस के अफसरों ने आग बुझाने को लेकर अपना हाथ भी आजमाया इसमें सबसे पहले नगर कोतवाल मोती पटेल ने गैस सिलेंडर अपने पीठ पर लादकर फायर सेफ्टी के गुण सीखें और आग को कैसे काबू करना है इस दिशा पर उन्होंने प्रयास भी किया।

### बढ़ती गर्मी की वजह से हो रही है घटनाएं

मई के महीने में लगातार तापमान बढ़ता ही जा रहा है और सूर्य अपना विकराल रूप दिखा रहा है। जिसकी वजह से तापमान लगभग 42 से 43 डिग्री के पार जा पहुंचा है। यही वजह है कि जिले में लगातार आगजनी की घटनाएं सामने आ रही है और ज्यादातर घटनाएं शॉर्ट सर्किट की वजह से ही हो रही है। कुछ दिन पहले ही बालको थाना परिसर में खड़ी एक आरक्षक के कार में आग लग गई थी जो देखते-देखते आग ने विकराल रुप ले लिया था और बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था। इस घटना के कुछ दिन बाद ही यह नया मामला सामने आया है जहां फैक्ट्री में रखा हुआ सामान जलकर खाक हो गया है जिससे संचालक को भारी नुकसान होना बताया जा रहा है। लगातार आगजनी की बढ़ती घटनाओं को लेकर फायरब्रिगेड की टीम और पुलिस ने लोगों को सजग व सावधान रहने की अपील भी कर रही है।

## गेवरा खदान में डंपर अनियंत्रित होकर पानी में घुसा, ऑपरेटर सुरक्षित



खदान के अंदर पानी में घुसा डंपर वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा परियोजना में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ब्लाज कंपनी का भारी-भरकम डंपर क्रमांक 4079, जिसकी क्षमता 150 टन बताई जा रही है गेवरा खदान के वेस्ट सेक्शन में अनियंत्रित होकर गहरे पानी में जा घुसा। गनीमत रही कि ऑपरेटर बाल-बाल बच गया। अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

उल्लेखनीय है कि लगभग 5 वर्ष पूर्व गेवरा खदान में ब्रह्मपुत्र साइड के पास इसी प्रकार की एक दुर्घटना में डंपट ऑपरेटर मालाकार की जान चली गई थी। जिसको लेकर पहले काफी बवाल हुआ था। शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे हुए हादसे के कारण में बर्न की ऊंचाई कम होना बताया गया। खदान में डंपर जब अनलोड होता है, तो उसके आगे एक बर्न (मिट्टी की ऊंचाई) बनाई जाती है, जिससे डंपर नीचे ना गिरे, लेकिन यहां उसकी ऊंचाई कम होने के कारण यह डंपर लगभग 12-15 फीट नीचे पानी के शम्स में गिर गया। यह डंपर एसईसीएल के गेवरा मेगा परियोजना का है। प्रारंभिक जांच में सुरक्षा उपायों में लापरवाही की बात सामने आ रही है, जिससे यह हादसा हुआ। अगर ऑपरेटर समय रहते वाहन से बाहर नहीं कूदता, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। गेवरा खदान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर अब सवाल उठने लगे हैं।

### सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत क्वा.नं. 16 डी.एम. कालोनी निवासी पूनम उपाध्याय उम्र 52 वर्ष पति राजेश उपाध्याय ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपने परिवार के साथ 24 अप्रैल को अपने गृहग्राम दौलतपुर थाना नरही जिला बलिया (उत्तरप्रदेश) परिवारिक शादी में सम्मिलित होने के लिये चली गई थी। 7 मई को जब वापस आयी तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा था और आलमारी में रखे सोने का झुमका 2 नग, सोने का टाप्स 2 नग, सोने का अंगूठी 2 नग, सोने की जुयितिया 1 नग, चांदी की जुयितिया 1 नग, चांदी का सिक्का 25 नग, एल.जी. का टी.व्ही. सेटप बाक्स 1-1 नग को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी पूनम की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## अपराध दर्ज होने के 60 से 90 दिन में मामले का निराकरण करने आईजी ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ संजीव शुक्ला अपने एकदिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अफसरों व थानेदारों की मैराथन बैठक ली। घंटो चले इस बैठक में आईजी ने अपराधों को अनावश्यक लंबित रखे जाने पर नाराजगी जाहिर की और अपराध दर्ज होने के 60 से 90 दिवस के भीतर मामले के निराकरण करने पर जोर देने के लिए कहा है। आगामी 6 महीने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।

**खास बातें**

- अनुशासन और बेसिक पुलिसिंग के 32 बिंदुओं पर की गई जिला पुलिस के कार्यों की समीक्षा
- अपराधों को अनावश्यक रुप से लंबित रखे जाने को लेकर आईजी ने जताई नाराजगी

बिलासपुर रेंज के आईजीपी डॉ संजीव शुक्ला जिला पुलिस कोरबा के कार्यों की समीक्षा हेतु पहुंचे, जहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय में परंपरागत सलामी गार्ड का निरीक्षण करने उपरांत उन्होंने जिले में अपराध, यातायात, पुलिस कल्याण, अनुशासन समेत कुल 32 बिंदुओं पर समीक्षा की तथा दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की पुलिसिंग से अपेक्षा से अवगत कराया तथा विभिन्न पैरामीटर्स पर जिला पुलिस की कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



पुलिस अफसरों की बैठक लेते आईजी डॉ श्री शुक्ला।

जिले के राजपत्रित अधिकारियों और थाना व चौकी प्रभारियों से बैठक में उन्होंने मुख्यतः नियमित परेड के जरिए अनुशासन बनाने, नवीन कानूनों के कैप्सूल कोर्सेज के प्रशिक्षण, नवीन कानूनों के सख्त क्रियान्वयन पर बल दिया जिसमें मुख्यतः अपराधों को अनावश्यक लंबित रखने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अपराध दर्ज होने के 60 एवं 90 दिवस में निराकरण पर फोकस करने एवं साक्ष्य, ऑनलाइन पेशी इत्यादि नवीन कानून के तहत डिजिटलीकरण से जुड़े आधुनिक पोर्टल जैसे (साइबर पोर्टल, एनसीआरबी पोर्टल, समन्वय पोर्टल, आई.यो. मितान पोर्टल, साक्ष्य पोर्टल, सीसीटीएनएस पोर्टल आदि एप्लीकेशन के इस्तेमाल पर बल दिया तथा बेसिक पुलिसिंग के तहत विवेचकों के साप्ताहिक डायरी के सुपरविजन, बीट प्रणाली का विस्तार और विकेंद्रीकरण करते हुए प्रत्येक पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने निर्देशित किया गया। आगामी 6 माह का कार्य योजना भी मीटिंग में तैयार किया गया। जनता से जुड़ी शिकायतें और सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायतों तथा पुलिस विरुद्ध शिकायतों के संबंध में समीक्षा करते हुए उनके उचित वैधानिक निराकरण के निर्देश दिए गए। जिला पुलिस बल, फॉरेंसिक अधिकारी और संसाधनों की उपलब्धता समेत अन्य पुलिस कल्याण विषयों पर भी समीक्षा कर कार्ययोजना पर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नगर सेवा से आए फायर एंड सेफ्टी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा फायर सेफ्टी के बारे में जानकारी दिया गया और अगर किसी स्थान पर आगजनी हो जाए तो उसे कैसे निपटना है इसके बारे में भी उनके द्वारा विस्तृत जानकारी पुलिस के अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान बिलासपुर रेंज आईजीपी डॉ संजीव शुक्ला के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एसपी सिद्धार्थ तिवारी, एडिशनल एसपी नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल पाठक, डीएसपी पंकज ठाकुर और रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा समेत सभी थाना और चौकी प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथी मचा रहे उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कटघोरा वनमंडल के पसान व केंदई रेंज में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं वहीं कोरबा के कुदमुरा एवं बालको रेंज में 53 हाथियों झुण्ड विचरण रहा है जो लगातार खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों के फसल को रौंद रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पसान रेंज के बीजाडांड एवं सेमरहा में अलग-अलग विचरण कर रहे लोनर हाथी अब एक साथ हो गए हैं और तनेरा सर्किल के सिंदूरगढ़ पहाड़ पहुंच गए हैं। लोनर हाथियों ने शुक्रवार की सुबह पहाड़ से नीचे उतरकर हलकुंडा नामक गांव में एक ग्रामीण के बाड़ी में घुसकर वहां लगे आम पेड़ को तोडने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों द्वारा खदेड़ दिया गया। जिस पर लोनर हाथी वापस पहाड़ की ओर चले गए और वहां पहुंचकर विश्राम करने लगे हैं। जबकि तीन हाथी पसान व मरवाही रेंज की सीमा पर मंडरा रहे हैं जिनके कभी भी जिले में प्रवेश किए जाने की संभावना है। इन हाथियों की निगरानी को लेकर वन विभाग सचेत हैं। केंदई रेंज के कापानवापारा व कोरबी सर्किल में 46 हाथी दो समूह में घूम रहे हैं। बड़ी संख्या में हाथियों को क्षेत्र में घूमने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 40 हाथियों के सक्रिय रहने की सूचना वन विभाग ने दी है। जिनमें से 39 हाथी गुरमा तथा एक लोनर कलमीटिकरा क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जबकि बालको रेंज के फुटका पहाड़ में 13 हाथी अभी भी डेरा डाले हुए हैं।



### नए कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर नवीन सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जेल अधीक्षक, लीड बैंक मैनेजर एवं उपसंचालक अभियोजन, लोक अभियोजक, अतिरिक्त लोक अभियोजक बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर श्री वसंत द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## चार साल से अखबार बांटकर पढ़ाई का खर्च करता है वहन

# परीक्षा के दिन भी बांटा था अखबार, 91 प्रतिशत पाकर किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते चार साल से अखबार बांटकर अपनी पढ़ाई का खर्च वहन करने वाले स्वामी आत्मानंद स्कूल बालको के छात्र ने 91.5 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल को गौरवान्वित किया है। उसकी इस सफलता से परिवार के साथ अखबार क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उसकी हौसला अफजाई की है।

मन में संकल्प और कुछ करने का जतन हो तो व्यक्ति किसी मुकाम को हासिल कर सकता है। भले ही उसे आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़े। ऐसा ही सफलता का मुकाम बालको स्वामी आत्मानंद स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र लोमस कुर्रे ने हासिल किया है।



छात्र लोमस कुर्रे।

तीन दिन पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में वैसे तो कई छात्रों ने अपनी अपनी तरह से मेहनत कर उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे ही छात्रों में लोमस कुर्रे शामिल हैं। बीते चार साल से हरिभूमि सहित अन्य अखबार के वितरण का काम कर प्रतिमाह एक हजार रुपए अर्जित करने वाले लोमस कुर्रे के पिता रायपुर में बीआईएस कंपनी में सुरक्षा कर्मी हैं। वहीं मां रुपा कुर्रे गृहणी हैं। एक भाई और एक बहन में सबसे बड़ा लोमस कुर्रे परीक्षा दिन भी सुबह 5.30 बजे अखबार बांटने जाते थे और वहां से आने के बाद परीक्षा देने पहुंचते थे। अपनी इस सफलता के संबंध में लोमस कुर्रे ने बताया कि जब से वह अखबार बांटने का काम शुरु किए हैं उन्हें अखबार पढ़ने का शौक लगा। इससे सामान्य ज्ञान में रुचि जागृत हुई। प्रतिमाह एक हजार रुपए इसके एवज में मिलता है जिससे वह कापी किताब सहित पढ़ाई के अन्य खर्च वहन कर लेते हैं। परीक्षा की तैयारी के संबंध में लोमस कुर्रे पढ़ाई में तीन से चार घंटे का समय लेते थे। हरिभूमि अभिकर्ता रेशमलाल साहू ने बताया कि जिस दिन परिणाम घोषित हुआ उसके दूसरे दिन लोमस अखबार वितरण करने नहीं पहुंचा तो उसके दोस्तों से उन्हें उसके इतने अच्छे अंक लाने की जानकारी हुई। वह स्वयं लोमस से सपंर्क किये। श्री साहू ने बताए कि जिस दिन परीक्षा थी उस दिन भी लोमस अखबार वितरण करता था। लोमस सुबह दस बजे स्कूल के लिए घर से निकलते थे और शाम को चार बजे वापस आने के दौरान बालको द्वारा चलाई जाने वाली फ्री कोचिंग में पढ़ाई कर शाम 6 बजे घर पहंचते थे। लगभग 7 घंटा उनका समय घर से बाहर बीतता था वह भी स्कूल और कोचिंग सेंटर में। ट्यूशन के संबंध में उन्होंने बताया कि ट्यूशन फीस अधिक होने की वजह से उन्होंने बालको की फ्री कोचिंग ज्वाईन की इससे उन्हें सफलता मिली।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411